# चेंबूर न्यू अशोक नगर हादसा: सना मलिक-शेख ने एजेंसियों को लगाई फटकार, राहत कार्य में तेज के दिए निर्देश

**Updated on:** 19 August, 2025 09:33 AM IST | Mumbai
Ujwala Dharpawar | ujwala.dharpawar@mid-day.com

Share: Follow us on Google News

**मुंबई के चेंबूर इलाके में रविवार शाम भारी बारिश के कारण न्यू अशोक नगर और वाशी नाका में रिटेनिंग वॉल गिर गई, जिससे कई घर क्षतिग्रस्त हो गए.**



*X/Pics, Sana Malik-Shaikh*

मुंबई में रविवार को हुई भारी बारिश ने शहर की बदहाल बुनियादी व्यवस्था को एक बार फिर उजागर कर दिया. चेंबूर के न्यू अशोक नगर और वाशी नाका इलाके में शाम करीब पाँच बजे रिटेनिंग वॉल अचानक गिर गई. इस हादसे में दीवार के किनारे बने दो घर भी मलबे में दबकर चकनाचूर हो गए. नीचे बने अन्य मकानों को भी भारी नुकसान पहुँचा. सौभाग्य से किसी की जान नहीं गई, लेकिन कई परिवार बेघर हो गए.

स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह दीवार लंबे समय से जर्जर थी और समय रहते मरम्मत न करने के कारण हादसा हुआ. रहवासियों ने आरोप लगाया कि बार-बार शिकायतों के बावजूद अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया और भारी बारिश ने दीवार की नींव पूरी तरह कमजोर कर दी.

Sana Malik-Shaikh ثنا ملک-شیخ सना मलिक-शेख
@sanamalikshaikh · फ़ॉलो करें

न्यू अशोक नगर, वाशी नाका,चेंबूर येथे संरक्षक भिंत कोसळून राहती नसलेली दोन घरे पडली आणि भिंतीच्या खालील बाजूस असलेल्या घरांचे किरकोळ नुकसान झाले. सुदेवाने कोणतीही जीवितहानी झालेली नाही.

प्रभावित कुटुंबांसाठी तात्पुरती पुनर्वसन व मूलभूत सुविधांची व्यवस्था तातडीने करण्याचे निर्देश और अधिक दिखाएं



पिछला संपादन 10:39 अपराह्न · 17 अग॰ 2025

34 जवाब दें पोस्ट का लिंक कॉपी करें

2 जवाब पढ़ें

घटना की सूचना मिलते ही अणुशक्ति नगर की विधायक सना मलिक-शेख मौके पर पहुँचीं. उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया. विधायक ने आपदा प्रबंधन विभाग, एम-ईस्ट वार्ड और रखरखाव विभाग के अधिकारियों को तुरंत अस्थायी पुनर्वास और राहत कार्य शुरू करने के आदेश दिए. उन्होंने फायर ब्रिगेड और आरसीएफ पुलिस स्टेशन के अधिकारियों को भी तत्काल स्थल पर बुलवाया.

आरसीएफ पुलिस ने घटनास्थल का पंचनामा किया और आसपास के हिस्से को सुरक्षा कारणों से घेर लिया. विधायक सना मलिक-शेख ने एनसीपी की पूरी टीम को राहत कार्य में लगाया और प्रभावित परिवारों को आश्वासन दिया कि उन्हें हर जरूरी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी.

Sana Malik-Shaikh ثنا ملک-شیخ सना मलिक-शेख
@sanamalikshaikh · फ़ॉलो करें

Grateful no lives were lost after a retaining wall collapsed at New Ashok Nagar, Vashi Naka, Chembur. While some homes were damaged, immediate relief and temporary rehabilitation have been arranged. The Nationalist Congress Party (NCP) team stood firmly with residents throughout. और अधिक दिखाएं




8:43 अपराह्न · 18 अग॰ 2025

20 जवाब दें पोस्ट का लिंक कॉपी करें

2 जवाब पढ़ें

यह घटना एक बार फिर प्रशासन पर सवाल खड़ा करती है. हर साल बारिश के मौसम में रिटेनिंग वॉल ढहने और मकानों के क्षतिग्रस्त होने की घटनाएँ सामने आती हैं, लेकिन सुधार के दावे कागज़ों तक ही सीमित रहते हैं. गनीमत रही कि इस बार किसी की जान नहीं गई, वरना नतीजे और भयावह हो सकते थे.

chembur | mumbai | mumbai news | news | maharashtra | Brihanmumbai Municipal Corporation